## खबर संक्षेप

### वनपाल छबीलाल बने डिप्टी रेंजर



**जगदलपुर।** वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक रमेश चन्द्र दुग्गा ने शुक्रवार को छबीलाल सोनी को वनपाल से उप वन क्षेत्रपाल (डिप्टी रेंजर) के पद पर पदोन्नत किया गया। सीसीएफ ने बताया कि शासन वन विभाग मंत्रालय के दिए गए निर्देशानुसार वनपाल से उप वन क्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नति हेतु वनपाल प्रशिक्षण उत्तीर्ण हो तथा वनपाल के रूप में 5 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो अथवा अप्रशिक्षित वनपाल जिसने 55 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो पात्र होंगे। छबीलाल इस पात्र में होने से पदोन्नत कर वन मंडल में पदस्थ किया गया, हालांकि छबीलाल एक सप्ताह में सेवानिवृत्त होंगे।

### 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा प्रबंधन से पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु के एक प्रकरण में से मृतक सुदुराम करटिया के निकटतम वारिस उनके पुत्र सियाराम करटिया निवासी ग्राम कोडोली स्कूलपारा, भैरमगढ़ को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

### शासकीय योजनाओं का हो रहा प्रचार-प्रसार

**बीजापुर।** सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित समाधान शिविर में शासकीय योजनाओं का प्रभावी ढंग से व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार विभागीय अधिकारियों द्वारा की जा रही है। वहीं छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा शासकीय योजनाओं पर आधारित प्रचार सामग्री मासिक पत्रिका, जनमन सहित अन्य प्रचार सामग्री, ब्रोसर, पांपलेट वितरण किया जा रहा है।

## उर्जा सचिव ने बस्तर परिक्षेत्र में विद्युत सुविधा विस्तार की समीक्षा की

# नवीन स्वीकृत कार्यों में लाएं प्रगति

### नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों में विद्युतीकरण को दी जाए सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य शासन के उर्जा सचिव डॉ. रोहित यादव ने कहा कि बस्तर अंचल में विद्युत सुविधाओं के विस्तार के लिए सकारात्मक पहल कर मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना योजनांतर्गत स्वीकृत नवीन कार्यों को तेजी के साथ संचालित किया जाए और अद्यतन प्रगति लाने सहित नियत अवधि में पूर्ण करें। वहीं नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों में विद्युतीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। जिसके तहत मुख्यमंत्री मजरा-टोला विद्युतीकरण योजनांतर्गत अंदरूनी ईलाके के पहुंच वाले बसाहटों एवं मजरे-टोले में विद्युतीकरण के लिए विशेष तौर पर ध्यान केंद्रीत करें। ऊर्जा सचिव शुक्रवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभागार में बस्तर परिक्षेत्र में विद्युत सुविधा विस्तार कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए।

उन्होंने बस्तर परिक्षेत्र के अंतर्गत पारेषण, प्रोजेक्ट और वितरण कम्पनी के प्रत्येक संभागीय कार्यालयों के अधीन स्वीकृत, प्रगतिरत और वर्तमान में अप्रारंभ कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली और इन कार्यों को योजनाबद्ध ढंग से नियमित तौर पर संचालित कर नियत समयावधि में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अंदरूनी इलाकों विशेषकर सुकमा जिले के जगरगुंडा और बीजापुर जिले के गंगालूर एवं भद्रकाली विद्युत उप केन्द्र स्थापना कार्य को जल्द पूर्ण करने पर जोर देते हुए कहा कि इन उप केन्द्रों के स्थापना से उक्त दूरस्थ ईलाके की एक बड़ी आबादी को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। वहीं कोंडागांव जिले के जामगांव में 132/33 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र निर्माण में भी अद्यतन प्रगति लाने कहा। उर्जा सचिव ने क्षेत्र की आवश्यकता के मद्देनजर सुकमा जिले के चिंतागुफा में विद्युत उप केन्द्र स्थापना के लिए प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत किए जाने कहा। उन्होंने बस्तर परिक्षेत्र के अंतर्गत चल रहे विद्युत विस्तार सम्बन्धी अन्य निर्माण कार्यों को भी पूर्ण करने ध्यान केंद्रित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही शहरी विद्युतीकरण प्रोजेक्ट के कार्यों में भी अद्यतन प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए।



#### लाईन लासेस कम करने पर जोर

उर्जा सचिव ने विद्युत की बचत के लिए लाईन लासेस कम करने पर जोर देते हुए कहा कि ट्रांसफार्मर एवं लाईन संधारण के लिए ज्यादा पहल करें। नियमित पेट्रोलिंग एवं मेंटेनेंस पर अधिक ध्यान देवें, ताकि निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने फटल एक्सीडेंट को रोकने के लिए निर्धारित एसओपी का परिपालन करने सहित अमले को हमेशा सजग रखने कहा।

#### सुशासन के आवेदनों का प्राथमिकता के साथ करें निराकरण

उर्जा सचिव ने सुशासन तिहार में आम जनता से प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने कहा और घरेलू विद्युत कनेक्शन एवं सिंचाई पम्पों के विद्युतीकरण के लिए आवश्यक पहल किए जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि बस्तर परिक्षेत्र के अंतर्गत कुल 3741 ग्रामों में से 3210 विद्युतीकृत ग्रामों एवं मजरे-टोले में 08 लाख चार हजार 733 उपभोक्ताओं को विद्युत सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं अंदरूनी ईलाके के 531 ग्रामों एवं मजरे-टोले में सौर सयंत्र के द्वारा बिजली सुविधा सुलभ कराई जा रही है। सुशासन तिहार में प्राप्त 8832 मांग सम्बन्धी आवेदन पत्रों में से 8044 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है साथ ही शिकायत सम्बन्धी कुल 313 आवेदनों में से 303 आवेदन पत्रों का निराकरण किया गया है। बैठक में अमले की जरूरत, आवश्यक संसाधन एवं विद्युत देयकों की वसूली इत्यादि के बारे में विस्तृत समीक्षा की गई।

## सीएमएचओ ने मैदानी स्तर पर की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सीएमएचओ ने आयुष्मान कार्ड निर्माण की मैदानी स्तर पर की समीक्षा की। गुरूवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक बस्तर ब्लॉक में चलाए जा रहे हैं आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान की समीक्षा करने मैदानी स्तर पर पहुंचे। सर्वप्रथम आम टिकरालोहंगा के कार्यकर्ताओं द्वारा बनाए जा रहे हैं, आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करने फील्ड में पहुंचे।

सीएमएचओ द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोलचुर का निरीक्षण किया गया, जिसमें शनिवार को होने वाले प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना के तहत किए जाने वाले कार्यक्रम और दी जाने वाली सुविधाओं की रूपरेखा बनाते हुए ज्यादा से ज्यादा गर्भवती माता को उसका लाभ पहुंचाने के बारे में बताया गया। उसके बाद सीएमएचओ ने समाधान शिविर करमरी का भ्रमण किया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान ने बताया के सीएमएचओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आसना का भ्रमण कर पीएचसी में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और संस्थागत प्रसव के दौरान आने वाली जटिलताओं के निराकरण के लिए किए जाने वाले कार्रवाई का विवरण उपस्थित कर्मचारियों से लिया।

## समन्वय बनाकर जिम्मेदारी से काम करें : संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम एवं महिला बाल विकास विभाग के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए आज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

- पार्षद आंगनबाड़ी केन्द्रो में करेंगे सतत निगरानी
- नगर निगम, महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक



महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। सभी योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हो इस हेतु यह महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम स्पीकर खेमसिंह देवांगन, निर्मल पाणिग्रही, योगेंद्र पांडे, संग्राम सिंह राणा, राणा घोष, संजय विश्वकर्मा, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, पार्षदगण, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी अर्चना सेमसन, सुपरवाइजर संध्या सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका मौजूद रहे।

महापौर ने कहा सभी कार्यकर्ता एवं सहायिका बहनें अपने कार्यों का निर्वहन जिम्मेदारी से करें। दोनों विभाग आपसी तालमेल बनाकर काम करे। योजनाओं का संचालन ठीक ढंग से हो एवं हितग्राहियों को इसका लाभ मिले। योजनाओं की जानकारी प्रत्येक हितग्राही तक पहुंचे इस बात की चिंता विभाग को करनी है। प्रत्येक वार्ड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका अपने वार्ड के पार्षदों के साथ सीधे तौर पर तालमेल बनाकर काम करें। इसके लिए जरूरी है कि पार्षद अपने वार्डों में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रो की सतत निगरानी करें। नगर निगम के स्पीकर ने कहा इस प्रकार की बैठक पहली बार आयोजित की गई है जिसका लाभ मिलेगा। योगेंद्र पांडे ने कहा चुने हुए जनप्रतिनिधि सरकार के अंग हैं, उन्हें अपने वार्डों में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रो की संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। संग्राम सिंह राणा ने कहा सरकार की मंशा है कि जिन क्षेत्रों में कुपोषण दर अधिक है वह क्षेत्र कुपोषण मुक्त हो। महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति त्रिवेणी रंधारी, निर्मल पानीग्राही, पार्षद गायत्री बघेल ने भी समन्वय बैठक में अपनी बातें रखी।

#### जनप्रतिनिधियों का सहयोग जरूरी

*सुपरवाइजर ने बताया शासन की जितनी भी योजनाएं संचालित है उसकी जानकारी गर्भवती माताओं को आंगनबाड़ी केन्द्रो में दी जाती है। परियोजना अधिकारी ने कहा बिना जनप्रतिनिधियों के सहयोग से योजनाओं का क्रियान्वयन निचले स्तर तक संभव नहीं है।*

## पर्यटन स्थल पर प्रवेश शुल्क बंद हो : समीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



समाजसेवी एवं आप नेता समीर खान ने शुक्रवार को बस्तर संभाग के पर्यटन स्थलों पर लगने वाले भारी-भरकम प्रवेश शुल्क को तुरंत बंद करने की मांग की है। बस्तर एक प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर है, जहां लाखों की तादाद में पर्यटक प्रतिवर्ष पहुंचते हैं। लेकिन प्रवेश शुल्क के नाम पर आम लोगों से हजारों रुपये की वसूली की जाती है, जो पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने आरोप लगाया कि वीआईपी लोगों को तो मुफ्त या रियायत मिलती है, जबकि आम जनता को परेशान किया जाता है। यहां तक कि शहर के पार्कों में भी टिकट लिया जा रहा है, जो जनता के अधिकारों का हनन है। समीर खान ने यह भी सुझाव दिया कि स्थानीय ग्रामीणों को छोटे-छोटे समूहों के माध्यम से पर्यटन में रोजगार से जोड़ा जाना चाहिए, जिससे उन्हें सीधा आर्थिक लाभ मिल सके। उन्होंने प्रशासन और डबल इंजन की सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह सब मिलीभगत प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि सभी पर्यटन स्थलों पर प्रवेश शुल्क बंद किया जाए। स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं। पर्यटकों के साथ दुर्व्यवहार पर प्रशासन कठोर कार्रवाई करे। आप नेता समीर खान ने स्पष्ट रूप से कहा कि अगर प्रशासन और सरकार इस मुद्दे को हल नहीं करती, आम आदमी पार्टी जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



### जर्जर पुल का हुआ मरम्मत

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के बाघमोहलई से बेलपुटी नाला पुल जर्जर होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। हाल ही में बस्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखेश्वर बघेल ने प्रवास में बाघमोहलई पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने जर्जर पुल की मरम्मत की मांग। इस पर विधायक श्री बघेल के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जगदलपुर ने दूसरे दिन ही पहुंच कर जर्जर पुल की मरम्मत कराई, इससे ग्रामीणों को राहत मिली। मरम्मत कार्य का निरीक्षण सेतु निर्माण के एसडीओ श्रीनिवास कोराम ने किया।

## विधायक ने किया विद्यालय भवन का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर संभाग क्रमांक-2 की ओर से लोहंडीगुड़ा में 100 सीटर नवीन आवासीय विद्यालय भवन का निर्माण कार्य 2.10 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा। इसका भूमिपूजन शुक्रवार को विधायक विनायक गोयल की ओर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधी, सरपंच, पंच सहित पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता दिनेश देवांगन, एसडीओ एसएन साहा, उपयंत्री आदि शामिल रहे।



## कलेक्टर ने किया दरभा विकासखंड के स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने गुरुवार को दरभा विकासखंड के स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पखनार, नेगानार, कलेपाल, छिन्दावाडा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। केंद्र में ओपीडी की स्थिति, मरीजों को दी जा रही उपचार एवं दवाइयों की उपलब्धता का संज्ञान लिया। उन्होंने पखनार स्थित स्वास्थ्य केन्द्र के विकास कार्य को गति देने के लिए निविदाकर को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन भी उपस्थित रहे। कलेक्टर और सीईओ गुरुवार को पखनार में आयोजित समाधान शिविर कार्यक्रम में शामिल होने दरभा विकासखंड पहुंचे थे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष के गांव में नल है पानी नही...



**जगदलपुर।** समूचे बस्तर में नलजल योजना का हाल बेहाल है। 24 घंटे 7 दिन पानी देने की बात कहने वाली सरकार को बस्तर के जमीनी हकिकत को देखना चाहिए। ऐसे कईगांव है जहां पाईप बिछा दिये गये है और नल लगाकर प्लेटफॉर्म बना दिया गया है लेकिन पानी का अता पता नही है। लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगतु कश्यप का गांव मांदर ब्लॉक मुख्यालय से नजदीक है। वहां नलजल योजना का हाल बेहाल है। जनता से वायदा करने वाले नेता खुद अपने गांव में योजना का लाभ ग्रामीणों को नही दिला पा रहे है।

## अमित शाह से मिले कमलचन्द्र भंजदेव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नई दिल्ली में गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके कार्यालय में भाजपा नेता कमलचन्द्र भंजदेव ने भेंट की। बस्तर सहित छत्तीसगढ़ की विभिन्न समस्याओं व विकास सम्बंधित लंबित मांगों से उन्हें अवगत कराया।

चर्चा के दौरान उन्होंने सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का विश्वास दिलाया व प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार की प्राथमिकता को दोहराया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह में 154 छात्र हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व ब्राह्मण युवा समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शैक्षिक सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 154 छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज की वरिष्ठ सदस्य बतौर अतिथि के रूप में अपने प्रेरणादायक व्यक्तव्य से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

- सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह में दक्षिण भारतीय संस्कृति और परंपरा की दिखी झलक



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और युवाओं को प्रेरित करना और उन्हें उनके लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करना था। समारोह में दक्षिण भारतीय संस्कृति और परंपरा की झलक देखने को मिली, जिसमें भरत नाट्यम नृत्य, श्लोक पाठ और शिव तांडव जैसी प्रस्तुतियाँ शामिल थीं।मंच संचालन तेलुगु भाषा हुआ जो की इस कार्यक्रम अंत तक मुख्य आकर्षण रहा।

विश्व ब्राह्मण युवा समिति का उद्देश्य बस्तर संभाग में समाज की उपस्थिति को मजबूत करना और विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाज के सदस्यों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से समिति ने अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विश्व ब्राह्मण युवा समिति आगामी दिनों में भी विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन करेगी, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। समिति का उद्देश्य समाज के सदस्यों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना और उन्हें उनके लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने छात्रों को सम्मानित किया और उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समाज के अध्यक्ष सीएच नागेश्वर सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया और कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में समाज के पी चंद्र राव सोनी, सीएच सत्तीराजू सोनी, के रमेश सोनी, पी राजा सोनी, के नागराज सोनी, पी सोमेश सोनी, समाज रत्न गुप्तेश्वर सोनी, वी श्रीधर सोनी, वी वासु सोनी, एम श्रीनिवास सोनी, त्रिनाथ सोनी, सीएच ब्रह्माजी सोनी, के शशिरेखा सोनी, एल लक्ष्मी सोनी, एल शंकर राव सोनी एवं समाज बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां, पुरुष कर्मकर्ता, युवक-युवतियां,वरिष्ठजन एवं बच्चे सम्मलित थे। कार्यक्रम में 154 छात्रों को सम्मानित किया गया। वरिष्ठजनो ने प्रेरणादायक व्यक्तव्य से युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन किया।

## युक्तियुकरण मामले में भ्रम फैलाया जा रहा : प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग द्वारा अधिकृत और स्वीकृत सेटअप 2008 के अनुसार ही पूरे प्रदेश के शिक्षा विभाग और शिक्षकों का पद स्वीकृत किया गया है एवं वेतन आहरण किया जा रहा है इसके आधार पर ही वित्तीय व्यवस्था संचालित की जा रही है फिर भी शिक्षा विभाग युक्तियुक्तकरण के मामले में सेटअप को दरकिनार कर केवल और केवल शिक्षा के अधिकार कानून की आड़ में प्रदेश भर के प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षकों के एक-एक पद कम करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा है कि राज्य शासन के कर्मचारी शिक्षक वर्ग है, उन्हें शिक्षा के अधिकार कानून के तहत शिक्षकों की तैनाती के लिए राष्ट्रीय औसत को याद दिलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन व शिक्षा विभाग को यह ध्यान रखना चाहिए कि छत्तीसगढ़ के शिक्षकों व कर्मचारियों को न तो केंद्रीय वेतनमान मिलता है न ही केंद्र के समान कर्मचारियों के बराबर एरियर्स दिया जा रहा है न ही केंद्र के समान कर्मचारियों के बराबर महंगाई भत्ता देय तिथि से दिया जा रहा है। जब शिक्षक व कर्मचारी सुविधा को छोड़ा गया हैं, तो छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बनाए गए सेटअप का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं।

